# भारतीय जनता पार्टी

**(केंद्रीय कार्यालय)**
6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

09 अप्रैल 2024, मंगलवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा उत्तरी लाखीरपुर, असम में आयोजित विशाल जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**असम को घुसपैठ, उग्रवाद और अशांति का केंद्र बनाने वाली कांग्रेस आज असम के कल्चर की रक्षा करने की बात कर रही है।**

**********************

**कांग्रेस भूल गयी होगी लेकिन असम की जनता कभी भूल नहीं सकती कि कैसे 1962 में जवाहरलाल नेहरु ने असम को Bye-Bye कर दिया था।**

**********************

**500 साल बाद रामनवमी पर रामलला टेंट में नहीं भव्य मंदिर में होंगे।**

**********************

**कांग्रेस अध्यक्ष कहते हैं कश्मीर से बाकी देश का क्या वास्ता है, कांग्रेस पार्टी को पता नहीं है कि भारत की जनता इंच-इंच को अपना मानती है।**

**********************

**देश का भाग्य तभी बदलता है जब नार्थ ईस्ट का भाग्य बदलता है, देश का विकास तभी पूरा माना जाएगा जब नार्थ ईस्ट विकसित होगा।**

**********************

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज मंगलवार को असम के उत्तर लखीमपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में असम मुख्यमंत्री श्री हिमंत बिस्वा सरमा, असम भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री भावेश कलिता, भाजपा असम लोकसभा चुनाव प्रभारी कैप्टन अभिमन्यु , श्री मानब डेका और उत्तर लखीमपुर से भाजपा प्रत्याशी श्री प्रदान बरुआ सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे। श्री अमित शाह ने आगामी चुनाव में मतदाताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा और राहुल गांधी के नेतृत्व वाले इंडी गठबंधन के बीच भाजपा का चयन करने का आग्रह किया। श्री शाह ने असम में 70 वर्षों में विकास नहीं होने के लिए कांग्रेस की आलोचना की और इसकी तुलना राज्य में भाजपा की उपलब्धियों जैसे शांति समझौते पर हस्ताक्षर करना, उग्रवाद से निपटना और विकास को बढ़ावा देना से की। उन्होंने लाचित बोड़फुकन जैसे वीरपुत्र को सम्मानित करने और असम में स्वास्थ्य सेवा, सीमावर्ती सुरक्षा और कृषि में सुधार के लिए भाजपा सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि आगामी 19 अप्रैल को आप सभी को तय करना है कि आपका सांसद कौन होगा,देश में किस पार्टी की सरकार होगी और देश का नया प्रधानमंत्री कौन होगा। **आपके पास दो विकल्प है एक राहुल बाबा के नेतृत्व में इंडी अलायंस है दूसरी ओर नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है।** आपको ये तय करने के लिए मतदान करना है कि आने वाले 5 साल के लिए  फिर एक बार आदरणीय मोदी जी प्रधानमंत्री बनेंगे और 400 पार के लक्ष्य के साआगामी थ भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश में बनेगी।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि राहुल बाबा कहते हैं कि असम की संस्कृति को हमें बचाना है लेकिन आपकी दादी के समय में असम के साथ हमेशा अन्याय किया गया, हजारों युवा अशांति की राह पर चले गए, सैकड़ों युवा मारे गए, ये कांग्रेस पार्टी का पाप था। आदरणीय प्रधाननंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 10 से ज्यादा शांति समझौते करके असम में शांति फैलाने का काम किया है और 9 हजार युवाओं को सरेंडर करवाकर उन्हें मुख्य धारा में लाने का काम किया है। **कांग्रेस की सरकार ने असम की सीमाओं को घुसपैठ के लिए खुला छोड़ दिया था लेकिन आज आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व घुसपैठ को रोकने का काम किया गया है** और **असम की भाजपा शासित हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार में अब बांग्लादेश से असम की सीमा में परिन्दा भी पर नहीं मार सकता।** कांग्रेस की सरकार ने असम को उग्रवाद, आतंकवाद और हड़ताल के अलावा कुछ नहीं दिया। कांग्रेस की सरकार ने असम समझौता करके यहां के युवाओं का वादा पूरा नहीं किया। **भाजपा की सरकार ने बोडोलैन्ड का समझौता किया और 2 साल के अंदर सारे वादे पूरे कर दिए। कांग्रेस के शासन काल में असम गैंडो को मारने का काम किया गया लेकिन भाजपा की हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार ने गैंडो को सुरक्षित करके असम में पर्यटन को सुरक्षित किया।** श्री **शंकर देव और श्री माधव देव जैसे संतो की भूमि जो घुसपैठिए कब्जा करके बैठे थे, उन एक-एक घुसपैठिओं को असम की भाजपा सरकार ने न केवल काजीरंगा से समाप्त किया बल्कि संतो की भूमि को भी मुक्त कराया।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने असम की संस्कृति में लाचित बोरफुकन की बात करते हुए कहा कि एक इतना बड़ा नेता जिसने मुगलों को पराजित किया लेकिन लाचित बोरफुकन के लिए कांग्रेस सरकार ने कुछ नहीं किया लेकिन **भाजपा की सरकार ने आते ही लाचित बोरफुकन जैसे वीरपुत्र का गगनचुंबी पुतला बनाकर उन्हें सम्मान देने का काम किया और सिर्फ असमिया भाषा में ही नहीं बल्कि भारत की 23 भाषाओं में लाचित बोरफुकन की कथाओं को बच्चे बच्चे तक पहुंचाने का काम किया।** श्री अमित शाह ने विश्वास जताते हुए कहा कि असम में अब तक के मोदी जी के 10 सालों के कार्यकाल में विकास के कई कार्य और समझौते हुए हैं और **आने वाले समय में असम देश के बाकी राज्यों की तरह एक विकसित राज्य बनकर उभरेगा।**

श्री शाह ने कहा कि 500 साल के बाद पहली बार रामनवमी के दिन प्रभु श्री राम अपने भव्य मंदिर में अपने भक्तों को दर्शन देंगे। श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने न केवल असम बल्कि समूचे पूर्वोत्तर भारत का विकास  किया है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का मानना है कि **देश का भाग्य तभी बदलता है जब पूर्वोत्तर और असम का भाग्य बदलता है और देश का विकास तभी पूरा माना जाएगा जब असम का विकास होगा।** असम में 80% क्षेत्र से सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (AFSPA) हटाकर शांति स्थापित करने का काम आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। उन्होंने सवाल किया कि सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह की यूपीए सरकार के दौरान असम के विकास के लिए केवल 1 लाख 62 हजार करोड़ रुपए दिए, वहीं दूसरी ओर **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने असम के विकास के लिए ₹4 लाख 15 हजार करोड़ देने का काम**

**किया है।** इसके साथ ही सड़क निर्माण के लिए 30 हजार करोड़, रेलवे  कनेक्टिविटी के लिए 95 हजार करोड़ रूपए और एयरपोर्ट के विकास के लिए 10 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। असम और पूर्वोत्तर भारत को कैंसर से मुक्त बनाने के लिए कैंसर के अस्पतालों का जाल बुना गया है। **आगामी 5 वर्षों में ऐसा समय आएगा कि असम से किसी को कैंसर के इलाज के दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा।** गुवाहाटी में एम्स का निर्माण किया गया, ताम्बुलपुर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई, नलबाड़ी में 500 बेड का अस्पताल बना, 500 करोड़ से डुमरी में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा शुरू की गई किसान सम्मान निधि योजना के तहत 18 लाख लाभार्थियों को लाभ मिला है। 55 लाख घरों में नल से जल पहुंचा है, 1 करोड़ 70 लाख लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख तक स्वास्थ्य का पूरा खर्चा मिल रहा है और 43 लाख शौचालय बनाकर माताओं बहनों को सम्मान देने का काम भी आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ही किया है।

कांग्रेस द्वारा जारी 2024 लोकसभा चुनाव के घोषणापत्र के बारे बात करते हुए श्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की फिर से सरकार बनने पर मुस्लिम पर्सनल लॉ स्थापित किया जाएगा। वहीं असम के मुख्यमंत्री श्री हिमांत बिस्वा सरमा ने बाल विवाह पर प्रतिबंध लगाया। **कांग्रेस का मानना है कि कश्मीर से धारा 370 नहीं हटनी चाहिए थी**। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का मानना है कि कश्मीर का भारत देश से कोई रिश्ता नहीं है, लेकिन उन्हें मालूम नहीं है कि इस देश की जनता इंच-इंच को अपना मानती है। श्री शाह ने दोहराया कि पहले नारा लगाया जाता था कि '**कच्छ हो या गुवाहाटी, अपना देश अपनी माटी**'। श्री शाह ने कहा कि चीन द्वारा किए गए हमले के समय कांग्रेस ने लड़ने की जगह असम को बेसहारा छोड़ दिया था जिसे असम की जनता अभी तक भुला नहीं पाई है। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में कानून व्यवस्था इतनी चक चौबंद है कि चीन एक इंच मात्र भी भारत की जमीन पर कब्जा नहीं कर सकता है।** श्री अमित शाह ने कहा कि असम पूरे पूर्वोत्तर का हब है। **असम का विकास, पूर्वोत्तर और भारत के विकास से जुड़ा हुआ है**। उन्होंने दोहराया कि 2014 में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वादा किया था कि पूर्वोत्तर भारत को विकसित बनाएंगे जो कि पूरा हो चुका है। अंत में केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने एनडीए और भाजपा को सभी 14 सीटों पर प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने की अपील करते हुए समूचे देश में कमल खिलाने का आह्वान किया।

********************